कवक- मशरूम

[स्रोत: द प्रिंट](#)

हाल ही के एक अध्ययन से पता चला है कि मैजिक मशरूम में पाए जाने वाले यौगिक **साइलोसाइबिन** (जो मतिभ्रम उत्पन्न करता है) के अंतर्ग्रहण के परिणामस्वरूप **मस्तिष्क के न्यूरॉन नेटवर्क/तंत्रिका तंत्र** (जो **किसी व्यक्ति में समय और स्व-धारणा/अभिज्ञता को विनियमित करने के लिये ज़िम्मेदार** होता है) में अस्थायी परिवर्तन होता है।

- मशरूम ऐसे कवक हैं जिनमें आमतौर पर **एक तना, एक शीर्ष (Cap)** और **क्लोम/गिल्स (Gills)** होते हैं।
- **क्लोरोफिल न पाए जाने के कारण** इन्हें कवक के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और इस कारण ये प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से अपना भोजन नहीं बना सकते हैं।
  - कवक **विषमपोषी जीवों के एक विशिष्ट संघ** का हिस्सा हैं।
  - ये **यूकेरियोटिक सूक्ष्मजीवों या मैक्रोस्कोपिक जीवों** का एक विविध समूह होते हैं जो पादप, जंतु और बैक्टीरिया से पृथक् अपने जैविक समुदाय से संबंधित हैं।
  - एककोशिकीय खमीर/यीस्ट (Yeast) को छोड़कर, **कवक तंतुमय होते हैं।**
  - कवक के कई लाभकारी अनुप्रयोग हैं जैसे कि पेनिसिलिन एंटीबायोटिक बनाने तथा भोजन के विविध रूपों के साथ बेकिंग और ब्रूइंग/किण्वासवन में **खमीर/यीस्ट** का अनुप्रयोग।
  - कवक **उष्ण व आर्द्र स्थानों में पनपते** हैं।
  - कवक में **कायिक माध्यमों (विखंडन और मुकुलन)** से जनन के साथ **अलैंगिक जनन (बीजाणुओं द्वारा)** और **लैंगिक जनन** हो सकता है।
  - कवक हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने में कई कार्यों जैसे कि **अपघटन, सहजीविता और मृदा संवर्द्धन** के माध्यम से महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

और पढ़ें: [गैनोडर्मा ल्यूसिडम: मैजिकल मशरूम](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/fungi-mushroom